दिन– शनिवार	दिनांक– 09/05/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।	अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नवनियुक्त मंत्रियों से कहा– अपने–अपने विभागों में नई योजनाओं को लागू करने और तय लक्ष्य को पूरा करने में जुट जायें।

02. पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में आज किया जा रहा है राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन। ट्रैफिक चालान समेत विभिन्न मामलों का होगा निपटारा।

03. शिक्षा विभाग ने तीसरे और चौथे चरण की सक्षमता परीक्षा में काउंसिलिंग से छूटे शिक्षकों को एक बार फिर काउंसिलिंग का मौका दिया।

04. और, मौसम विभाग ने आज प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि की भी चेतावनी जारी की। कल आंधी और वज्रपात से जुड़ी अलग–अलग घटनाओं में प्रदेश में सात लोगों की मौत।

————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सभी नवनियुक्त मंत्रियों को अपने–अपने विभागों में नई योजनाओं को लागू करने और संबंधित लक्ष्य को हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिये हैं। पटना स्थित सचिवालय में मंत्रियों के साथ बैठक में श्री चौधरी ने यह निर्देश दिये। बैठक में विकसित भारत के संकल्प के साथ समृद्ध बिहार के सपने को साकार करने के बिन्दुओं पर विचार–विमर्श किया गया। उपमुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार सहित अन्य विभागों के मंत्री बैठक में उपस्थित थे।

————————————————————

पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर विभिन्न प्रकार के दीवानी और कुछ प्रकार के आपराधिक मामलों का निपटारा होगा। पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू आज पटना व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित लोक अदालत का उद्घाटन करेंगे। यहां, बैंक ऋण, बिजली वाद, वाहन दुर्घटना बीमा और श्रमवाद जैसे मामले आपसी सहमति के आधार पर निष्पादित किये जायेंगे।

————————————————————

इस बार लोक अदालत में ट्रैफिक चालान से जुड़े मामलों की भी सुनवाई होगी। यातायात के अपर पुलिस महानिदेशक सुधांशु कुमार ने पटना में प्रेस वार्ता में बताया कि राज्य के सभी जिलों में आयोजित लोक अदालत में ट्रैफिक चालान संबंधित मामलों का निष्पादन किया जायेगा।

———साउंड बाईट———

ट्रैफिक से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए पटना सहित विभिन्न जिलों में विशेष व्यवस्था की गयी है। पटना में इन मामलों की सुनवाई ज्ञान भवन में की जायेगी। यहां, मामलों के निष्पादन के लिए पच्चीस बेंच का गठन किया गया है।

———————————————————————————

प्रदेश में सड़क दुर्घटना की स्थिति में प्रारंभिक जांच के बाद चौबीस घंटे के भीतर वाहन मालिकों को वाहन सौंप दिये जायेंगे। यातायात के अपर पुलिस महानिदेशक सुधांशु कुमार ने बताया कि राज्य के किसी भी थाने में दुर्घटनाग्रस्त वाहन चौबीस घंटे के दौरान नहीं मिलने की स्थिति में मोबाईल नम्बर– नौ शून्य तीन एक, आठ दो नौ, तीन पांच छह पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

———————————————————————————

शिक्षा विभाग ने तीसरे और चौथे चरण की सक्षमता परीक्षा में काउंसिलिंग से छूटे दो हजार एक सौ चौहत्तर शिक्षकों को एक बार फिर काउंसिलिंग का मौका दिया है। विभाग के अनुसार अठारह मई को इन शिक्षकों की काउंसिलिंग होगी। अगर किसी कारण से निर्धारित तिथि को काउंसिलिंग नहीं होती है तो अगले दिन काउंसिलिंग की जायेगी। गौरतलब है कि विभाग के अनुसार बीपीएससी द्वारा परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों के सत्यापन के लिए इस वर्ष फरवरी महीने में छह से ग्यारह तिथि निर्धारित की गयी थी। विभिन्न कारण से इन शिक्षकों की काउंसिलिंग नहीं हो सकी थी।

———————————————————————————

पटना स्थित आईजीआईएमएस नर्सिंग कॉलेज में पिछले अड़तालीस घंटे से जारी नर्सिंग छात्राओं का आंदोलन समाप्त हो गया है। कॉलेज के उपनिदेशक सह प्रवक्ता डॉक्टर विभूति प्रसन्न सिन्हा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के आश्वासन पर छात्राओं ने आंदोलन समाप्त कर दिया। वहीं, इस घटना के बाद कॉलेज की उपप्रधानाचार्य रूपाश्री दास गुप्ता को अकादमिक कार्यों के निष्पादन की जिम्मेदारी से हटा लिया गया है। श्री सिन्हा ने बताया कि छात्राओं के आरोपों की जांच के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है।

———————————————————————————

राष्ट्रीय महिला आयोग ने जघन्य दुष्कर्म के मामलों में त्वरित सुनवाई, कड़ी निगरानी और पेरोल पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। आयोग ने महिलाओं और बच्चों के खिलाफ जघन्य अपराधों में शामिल दोषियों के लिए मौजूदा पेरोल व्यवस्था पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर ने कहा कि आयोग शीघ्र ही केंद्र सरकार को सिफारिशें सौंपेगा। इनमें दुष्कर्म, महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अन्य गंभीर अपराधों के मामलों में दोषी व्यक्तियों के लिए पेरोल पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की जाएगी।

———————————————————————————

शुभेंदु अधिकारी आज पश्चिम बंगाल के पहले भाजपा मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। कोलकाता में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन कई केंद्रीय मंत्री और एनडीए शासित सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। इससे पहले कल, शुभेंदु अधिकारी को भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया। इसके बाद श्री अधिकारी ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आर एन रवि से मुलाकात की और राज्य में पहली भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार बनाने का दावा पेश किया।

———————————————————————————

तमिलनाडु में टीवीके प्रमुख सी. जोसेफ विजय के नेतृत्व में सरकार गठन को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। आईयूएमएल ने टीवीके को सरकार बनाने में समर्थन देने वाली खबरों को खारिज कर दिया। खबरों के अनुसार आज शपथ ग्रहण समारोह नहीं होगा। इससे पहले, टीवीके ने दावा किया था कि विजय सरकार बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सहरसा जिले में मध्याह्न भोजन खाने से 20 स्कूली बच्चों के बीमार होने की खबर पर संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री ने भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं न हो इस संबंध में शिक्षा विभाग को पीएम पोषण योजना के समुचित अनुश्रवण और निगरानी का निर्देश दिया है। साथ ही, मुख्यमंत्री ने बीमार स्कूली बच्चों का समुचित इलाज कराने का भी निर्देश दिया है।

———————————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य में आंधी–बारिश की परिस्थितियां बनी हुयी हैं। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में धूलभरी आंधी चलने के साथ बारिश की संभावना है। विभाग ने कुछ जगहों पर ओलावृष्टि की चेतावनी भी जारी की है।

–––साउंड बाइट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना, वैशाली, सारण, सीवान, दरभंगा, मधुबनी, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर और पूर्वी चंपारण समेत कई जिलों में तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश के कारण जन–जीवन प्रभावित हुआ। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि तेज आंधी के कारण कई जगहों पर पेड़ और बिजली के खम्भे उखड़ गए। इसके चलते आवागमन और विद्युत आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हुयी है। राजधानी पटना में भी कई जगहों पर पेड़ गिरने से यातायात घंटों ठप हो गया। इधर, पटना जिला प्रशासन ने पेड़ गिरने या बिजली के तार टूटने की तत्काल सूचना देने के लिए हेल्पलाईन नम्बर– नौ चार सात शून्य शून्य शून्य एक तीन आठ नौ जारी किया है। वहीं, पटना जू प्रशासन ने गिरे पेड़ों को हटाने के लिए आज इसे बंद रखने का निर्देश दिया है। वहीं, राज्य के विभिन्न हिस्सों में आंधी, पानी और वज्रपात की घटना में सात लोगों की मौत हो गयी है। पटना और वैशाली में दो–दो तथा आरा, समस्तीपुर और पूर्वी चम्पारण में एक–एक व्यक्ति की मृत्यु हुई है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस घटना पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने मृतकों के आश्रितों को चार–चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है।

————————————————————

केन्द्र सरकार ने वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन को नौसेना प्रमुख नियुक्त किया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार वाइस एडमिरल स्वामीनाथन वर्तमान में पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग–इन–चीफ के पद पर कार्यरत हैं। उन्हें भारतीय नौसेना में लगभग चार दशकों की विशिष्ट सेवा का अनुभव है। वे एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी का स्थान लेंगे, जो इक्तीस मई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

————————————————————

गृह विभाग ने छापेमारी में असहयोग के आरोप में कटिहार सदर–दो के तत्कालीन अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार को निलंबित कर दिया है। वे वर्तमान  में जहानाबाद के पुलिस उपाधीक्षक के पद पर हैं। इधर, पश्चिम चम्पारण के पुलिस अधीक्षक शौर्य सुमन ने गौनाहा थानाध्यक्ष सौरभ कुमार को कर्तव्य में लापरवाही के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

———————————————————————————

नवादा जिले की साईबर पुलिस ने नगर थाना क्षेत्र के कोनिया मोहल्ले से एक साईबर ठग को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार ठग के खाते से एक करोड़ रूपये से अधिक की राशि जब्त की गयी है।

———————————————————————————

अररिया जिले के ताराबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत कुर्साकाटा मुख्य मार्ग पर वाहन जांच के दौरान पुलिस ने 1028 ग्राम मादक पदार्थ स्मैक के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

पटना के कृषि अनुसंधान परिसर में "सतत् कृषि हेतु संतुलित एवं पर्यावरण–अनुकूल पोषक तत्व प्रबंधन" विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मृदा परीक्षण आधारित खेती, संतुलित उर्वरक उपयोग और जैविक खाद अपनाने की जानकारी दी गई।

———————————————————————————

भागलपुर के सैंडीज कंपाउंड मैदान स्थित कार्यालय में रेड क्रास सोसाइटी स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जागरूकता रैली निकाली गई।

———————————————————————————

अंतरराष्ट्रीय पैरा तैराक शम्स आलम आज से स्वीडन में आयोजित पैरा स्विम ओपन फाल्केनबर्ग इंटरनेशनल चैंपियनशिप में शामिल हों रहे है। मधुबनी जिले के बिस्फी प्रखंड के रथौस गांव निवासी शम्स सौ मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक, दो सौ मीटर इंडिविजुअल मेडले और दो सौ मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ी जापान में होने वाले आगामी एशियाई पैरा गेम्स के लिए क्वालीफाई करेंगे।

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में ग्यारह मई से आयोजत की जानेवाली अंडर–ट्वेंटी ऱाष्ट्रीय फुटबॉल ट्राफी के लिए बिहार पुरुष टीम की घोषणा कर दी गई है। नसीम खान को अठारह सदस्यीय टीम का कप्तान बनाया गया है। बिहार का पहला मुकाबला मेघालय से होगा।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने पश्चिम बंगाल में नयी सरकार गठन पर ताजपोशी शीर्षक से लिखा है – शुभेंदु संभालेंगे बंगाल की सत्ता।

दैनिक जागरण लिखता है – मुजफ्फरपुर–हाजीपुर रेलखंड पर आतंकी कैमरा, जांच में जुटी एटीएस और एसटीएफ।

प्रभात खबर का शीर्षक है– ठगी साईट तक पहुंचाने को सरकारी पोर्टलों का सहारा। दैनिक भास्कर की बड़ी खबर है – राजस्व कर्मियों की हड़ताल खत्म, पेंडिंग मामलों को निपटाने के लिए विशेष अभियान चलेगा।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नवनियुक्त मंत्रियों से कहा– अपने–अपने विभागों में नई योजनाओं को लागू करने और तय लक्ष्य को पूरा करने में जुट जायें।

02. पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में आज किया जा रहा है राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन। ट्रैफिक चालान समेत विभिन्न मामलों का होगा निपटारा।

03. शिक्षा विभाग ने तीसरे और चौथे चरण की सक्षमता परीक्षा में काउंसिलिंग से छूटे शिक्षकों को एक बार फिर काउंसिलिंग का मौका दिया।

04. और, मौसम विभाग ने आज प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि की भी चेतावनी जारी की। कल आंधी और वज्रपात से जुड़ी अलग–अलग घटनाओं में प्रदेश में सात लोगों की मौत।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।